# यूपीसीडा 13 शहरों में नए सौर ऊर्जा संयंत्र लगाएगा

**लखनऊ, विशेष संवाददाता।** उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) औद्योगिक संरचना को हरित बनाने के लिए में 13 नए सौर ऊर्जा संयंत्र लगाएगा। यह शहर सूरजपुर साइट-5, ईपीआईपी (गौतम बुद्ध नगर में 2), टीडीएस सिटी (गाजियाबाद), एसईजेड (मुरादाबाद), जगदीशपुर (अमेठी), बागपत, ईपीआईपी (आगरा), कोसी कोटवन (मथुरा), जीसी-1 झाँसी, कुर्सी रोड (बाराबंकी), नैनी (प्रयागराज), वाराणसी और शाहजहाँपुर शामिल हैं। यूपीसीडा ने 'सौर औद्योगिक क्षेत्र' की अवधारणा को अपनाया है। कानपुर स्थित यूपीसीडा मुख्यालय में पहले ही 82.98 लाख रुपये की लागत से 150 किलोवाट का सौर संयंत्र स्थापित किया जा चुका है। यूपीसीडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी मयूर माहेश्वरी ने कहा, "यह पहल न केवल पर्यावरण के अनुकूल है, बल्कि संचालन लागत को भी कम करती है। यूपीसीडा अपने परिसरों के साथ-साथ उद्योगों को भी सौर ऊर्जा अपनाने के लिए प्रेरित कर रहा है। इसका उद्देश्य ऊर्जा लागत में कटौती, कार्बन उत्सर्जन में कमी है।